


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-08 मंगलवार, दिनांक-02 मार्च, 2021 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.50 बजे अपराह्न तक ।

**[1] अन्य चर्चा:-**

सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अपने अपने स्थान पर खड़े होकर शोर-गुल करने लगे ।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से कहा गया कि आप अपने दलीय नेताओं के माध्यम से विषय को रखेगें तो आसन सुनेगा ।

तत्पश्चात् आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री महबूब आलम, श्री अजीत शर्मा एवं श्री अखतरूल ईमान द्वारा विषयों को रखा गया ।

आसन द्वारा कहा गया कि संबंधित विषय पर कार्य स्थगन की सूचना मिली है, समय पर इसका निपटारा करेंगे । साथ ही माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि आप सबों का प्रश्न है इसलिए सदन को चलने दें ।

तत्पश्चात् सदन में शान्ति कायम हुई ।

**[2] प्रश्नकाल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 14 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iii) 92 तारांकित प्रश्न अनागत ।

तारांकित प्रश्न संख्या-657 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा माननीय मंत्री शिक्षा विभाग को निदेश दिया गया कि उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में प्रबंध समिति का गठन शीघ्र करने के संबंध में एक पत्र विभाग से निर्गत करें ।

**[3] कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री महबूब आलम, श्री समीर कुमार महासेठ, श्री महानन्द सिंह, श्री अरूण सिंह, श्री आलोक कुमार मेहता एवं श्री रामबली सिंह यादव से प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोर-गुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से बार-बार अनुरोध किया गया कि वे अपने स्थान पर जाएं एवं सदन को चलाने में आसन का सहयोग करें ।

तत्पश्चात् माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर वापस चले गए ।

**[4] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्रीमती भागीरथी देवी | (ii) | श्री विजय कुमार खेमका |
| (iii) | श्री विद्या सागर केशरी | (iv) | श्री शहनवाज |
| (v) | श्री जय प्रकाश यादव | (vi) | श्री आनन्द शंकर सिंह |
| (vii) | श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव | (viii) | श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी |
| (ix) | श्री आलोक कुमार मेहता | (x) | श्री सुधाकर सिंह |
| (xi) | श्री अरूण शंकर प्रसाद | (xii) | श्री समीर कुमार महासेठ |
| (xiii) | श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह | (xiv) | श्री मुरारी मोहन झा |
| (xv) | श्री प्रणव कुमार | (xvi) | श्री पवन कुमार यादव |
| (xvii) | श्री अचमित ऋषिदेव | (xviii) | श्री पवन कुमार जायसवाल |
| (xix) | श्री कुमार शैलेन्द्र | (xx) | श्री महबूब आलम |
| (xxi) | श्री मुकेश कुमार यादव | (xxii) | श्री रामबली सिंह यादव |
| (xxiii) | श्री अरूण सिंह | (xxiv) | श्री विनय कुमार चौधरी |
| (xxv) | श्री महानन्द सिंह | (xxvi) | श्री कृष्णनंदन पासवान |
| (xxvii) | श्री विजय कुमार | (xxviii) | श्री मुकेश कुमार रौशन |
| (xxix) | श्री भूदेव चौधरी | (xxx) | श्री सुदामा प्रसाद |
| (xxxi) | श्री प्रह्लाद यादव | (xxxii) | श्री शंभूनाथ यादव |
| (xxxiii) | श्री कुन्दन कुमार | (xxxiv) | श्री अजय कुमार सिंह |
| (xxxv) | श्री नीतीश मिश्रा | | |

माननीय सदस्य श्री महबूब आलम एवं श्री कुन्दन कुमार के शून्यकाल सूचना पर आसन द्वारा सरकार को संज्ञान लेने का निदेश दिया गया ।

शून्यकाल के दौरान माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव का तारांकित प्रश्न संख्या-669 पर माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग द्वारा आसन की सहमति से पुनः उत्तर दिया गया ।

**[5] आसन का निदेश :-**

आसन द्वारा कहा गया कि प्रश्नकाल समाप्त होने के उपरान्त विशेष परिस्थिति में प्रश्न का उत्तर पुनः कराया गया है इसे पूर्व उदाहरण न समझा जाए ।

**[6] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा एवं अन्य सभासदों का सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग श्री श्रवण कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री सिद्धार्थ सौरव एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री सिद्धार्थ सौरव द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर माननीय मंत्री, कृषि विभाग श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा दिया गया ।

**[7] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

1. माननीय प्रभारी मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, श्री जनक राम द्वारा The Bihar Waqf Rules, 2020 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

2. माननीय सभापति, राजकीय आश्वासन समिति श्री दामोदर रावत द्वारा समिति का 284, 288, 289, 290, 291, 293 एवं 297वें प्रतिवेदन की एक एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

**[8] आसन की सूचना :-**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज के लिए सूचीबद्ध कुल 01 अल्पसूचित प्रश्न के उत्तर ऑनलाईन प्राप्त हो गए थे एवं कुल 106 तारांकित प्रश्नों में से 78 के उत्तर ऑनलाईन प्राप्त हो गए थे जो 75 प्रतिशत हैं, जिनमें खान एवं भूतत्व विभाग, मद्य निषेद, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का शत-प्रतिशत तथा समाज कल्याण विभाग का 50 प्रतिशत और शिक्षा विभाग का 66 प्रतिशत है ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.01 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[9] वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-02 (जल संसाधन विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा खान एवं भूतत्व विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री संजय कुमार झा द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्री विजय शंकर दूबे द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव एवं इस पर प्रस्तुत कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री सुधाकर सिंह

(ii) श्री विद्या सागर केशरी

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री अवध विहारी चौधरी द्वारा आसन ग्रहण किया गया)

(iii) श्री प्रह्लाद यादव

(iv) श्री रत्नेश सादा

(v) श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव

(vi) श्रीमती रश्मि वर्मा

(vii) श्री अजय कुमार सिंह

(viii) श्री राजेश कुमार सिंह

(ix) श्री अनिल कुमार साहनी

(x) श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद

(xi) श्री अरूण सिंह

(xii) श्री राज कुमार सिंह

(xiii) श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी

(xiv) श्री मिश्री लाल यादव

(xv) डा० सत्येन्द्र यादव

(xvi) श्री भीम कुमार सिंह

(xvii) श्री सूर्यकान्त पासवान

(xviii) श्रीमती कविता देवी

(xix) श्री मुरारी मोहन झा

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

तदोपरान्त माननीय मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, श्री मुकेश सहनी द्वारा विभाग से संबंधित जानकारी से सदन को अवगत कराया गया ।

तत्पश्चात सरकार की ओर से माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री संजय कुमार झा द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदुपरान्त माननीय सदस्य श्री विजय शंकर दूबे का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

**[10] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 22 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-03 मार्च, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-02.03.2021

राज कुमार सिंह
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।